हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

12 सेना में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने...



12 जल्द भुगतान न हुआ तो बंद करना पड़ेगा मिड-डे मील



खबर संक्षेप



9 किलो 522 ग्राम डोडा सहित आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। जिला की रानियां थाना की करीवाला पुलिस चौकी की एक टीम ने एक युवक को 9 किलो 522 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि रानियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली करीवाला पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान करीवाला से बणी रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को गांव करीवाला की तरफ से एक युवक अपने कंधे पर प्लास्टिक का कट्टा लिए हुए आता दिखाई दिया।



लाखों रुपये के चूरापोस्त के साथ तस्कर गिरफ्तार

सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 24 किलो 567 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि सेल की एक टीम गश्त के दौरान गांव नेजाडेला की तरफ जा रही थी। इस दौरान सामने गली में व्यक्ति एक प्लास्टिक कट्टा अपने हाथ व एक कट्टा अपने सिर पर लिए हुए आता दिखाई दिया।

लाखों की हेरोइन सहित कार सवार गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने रानियां थाना क्षेत्र से कार सवार युवक को लाखों रुपये की 60 ग्राम 75 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम चेकिंग के दौरान थाना रानियां क्षेत्र के गांव दयालपुरा मिर्जा की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सामने से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर कार सवार युवक ने गाड़ी वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया।

दो युवक 12.918 ग्राम हेरोइन सहित काबू

सिरसा। सीआईए सिरसा व एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की अलग-अलग टीमों ने दो युवकों को हजारों रुपए की 12 ग्राम 918 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान प्लैट सेक्टर-19 हुडा सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया।

कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के चलते फतेहाबाद में दूसरे दिन भी बिजली व्यवस्था चरमराई, 500 में से 110 फीडर रहे बंद

हड़ताल खत्म: दिनभर कहीं पानी का संकट, कहीं अस्पतालों में इलाज अटका, फैक्ट्रियां बंद, सरकारी काम भी हुए बाधित

- आमजन की परेशानियों को देखते हुए कैबिनेट की बैठक में सहमति बनने के बाद हड़ताड़ को समाप्त कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल ने जिले में आम जनजीवन की रफ्तार थाम दी है। कहीं घरों में पानी नहीं पहुंच रहा, कहीं अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण वापस लौटना पड़ रहा है। सीएससी केंद्रों और तहसील कार्यालयों में ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित होने से नागरिकों के काम अटक गए हैं, वहीं औद्योगिक क्षेत्र में बिजली गुल होने से फैक्ट्रियों का उत्पादन ठप हो गया। इस समस्या को देखते हुए सरकार व बिजली निगम की बैठक में सहमति बनने के बाद हड़ताल को समाप्त की दिया गया। शुक्रवार को हड़ताल के दूसरे दिन भी कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली निगम के कर्मचारियों की अनुपलब्धता के कारण फॉल्ट ठीक करने में भी परेशानी आई। प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए क्विक रिस्पांस टीम बनाने के साथ बिजली घरों पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई, लेकिन लोगों को राहत मिलने की तस्वीर स्पष्ट नहीं हुई। हड़ताल के पहले दिन जिले के करीब 500 बिजली फीडरों में से 110 बंद होने की जानकारी सामने आई थी। फतेहाबाद डिवीजन में 692 में से 690 कर्मचारी हड़ताल पर बताए गए। ऐसे में बिजली आपूर्ति बहाल करने और तकनीकी खराबियां दूर करने की व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। अब चिंता यह है कि यदि शनिवार को तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रहती है, तो बिजली पर निर्भर पेयजल, स्वास्थ्य, कारोबार और नागरिक सेवाओं की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। दूसरे दिन जिलेभर में ब्लैक आउट जैसे हालात रहे।



रतिया। बिजली घर का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

लोगों को स्टॉक बचाकर रखने की सलाह

बिजली बाधित होने का सीधा असर पेयजल आपूर्ति पर पड़ा है। फतेहाबाद में मुख्य वाटर वर्क्स की बिजली गुल होने से पानी की सप्लाई प्रभावित हुई। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने लोगों को संदेश भेजकर घरों में उपलब्ध पानी का जरूरत के अनुसार इस्तेमाल करने और सप्लाई शुरू होने पर जरूरत भर पानी स्टोर करने की अपील की है। विभाग ने नल खुला छोडने से बचने को कहा, ताकि पाइपलाइन के अंतिम छोर पर स्थित घरों तक भी पानी पहुंच सके। भूना में फीडर नंबर एक बंद होने से वार्ड 1, 10, 14 और 15 के उपभोक्ताओं को जल संकट का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने से घरों की टंकियों में पानी नहीं चढ़ पाया। रतिया में एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने अलालवास और अलीका के 132 केवी सब स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली व्यवस्था पर निगरानी रखने और प्रभावित गांवों में पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए पंचायतों के समन्वय से जनरेटर की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए।

फैक्ट्रियां बंद बंद होने से फुटवियर उत्पादन प्रभावित

शुक्रवार दोपहर को योग नगर इंडस्ट्रियल एरिया की बिजली बंद होने से फैक्ट्रियों में कामकाज ठप हो गया। उद्यमियों के अनुसार, यहां करीब 80 प्रतिशत इकाइयां फुटवियर निर्माण से जुड़ी हैं। मौजूदा सीजन में बिजली बंद होने से जूतों का उत्पादन प्रभावित हुआ। जिन फैक्ट्रियों में जनरेटर नहीं हैं, वहां मजदूरों को छुट्टी देनी पड़ी। एक फैक्ट्री संचालक ने बताया कि बिजली बंद होने के बाद प्रशासन की ओर से जारी कंट्रोल रूम के नंबरों पर संपर्क किया गया, लेकिन कई नंबर बंद मिले या फोन नहीं उठाया गया। डीआरओ कार्यालय में शिकायत करने पर दूसरे नंबर दिए गए, मगर संबंधित अधिकारियों ने बिजली लाइन का फॉल्ट ठीक करने में असमर्थता जताई।

अस्पतालों से आयुष्मान कार्डधारक लौटे

अस्पतालों में सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण आयुष्मान कार्ड से जुड़ी सेवाएं प्रभावित हुईं। कार्ड लेकर अस्पताल पहुंचे लोगों को काम नहीं होने पर वापस लौटना पड़ा। वहीं, सीएससी केंद्रों और तहसील कार्यालयों में ऑनलाइन कामकाज बाधित होने से नागरिकों को परेशानी हुई। रजिस्ट्री सहित अन्य सेवाओं से जुड़े काम भी प्रभावित हुए। बिजली और तकनीकी व्यवस्था सामान्य नहीं होने से लोगों को अपने जरूरी काम पूरे होने का इंतजार करना पड़ रहा है।

प्रशासन ने बिजली घरों पर लगाई शिक्षकों की ड्यूटी

बिजली व्यवस्था संभालने के लिए प्रशासन ने क्विक रिस्पांस टीम बनाई है। पहले दिन पटवारियों की ड्यूटी लगाने के बाद दूसरे दिन करीब 150 शिक्षकों की ड्यूटी भी बिजली घरों पर लगाई गई। इससे पहले बिजली घरों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। हालांकि, बिजली आपूर्ति बहाल करने और तकनीकी फॉल्ट दूर करने में आ रही दिक्कतों के बीच आमजन को राहत मिलने का इंतजार है।

जाखल में नपा अध्यक्ष-पार्षद पहुंचे बिजली घर

जाखल में बिजली संकट को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विकास कामरा और पार्षद बिजली निगम कार्यालय पहुंचे। अध्यक्ष के अनुसार, वीरवार रात करीब आठ बजे से बिजली आपूर्ति बंद थी और शुक्रवार को भी बहाल नहीं हुई। उन्होंने एसडीओ राकेश कुमार पर फोन नहीं उठाने का आरोप लगाया। अध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन ने उन्हें नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, इसके बावजूद बिजली संबंधी समस्या पर संपर्क नहीं हो पा रहा।

ग्रामीणों ने पावर हाउस बंद करने का लिया फैसला

जिले के अनेक गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिली। प्रभावित क्षेत्रों में लहरियां, कानी खेड़ी, बैजलपुर, हरीपुरा, खैरपुर, भिरड़ाना, भट्टू, दरियापुर, हिजरावां कलां-खुर्द, पीली मंदोरी, पिरथला, भूथन कलां-खुर्द, बीघड़ई, बड़ोपल, धांगड़, ढिंगसरा, मताना और ढाबी सहित कई गांव शामिल हैं। रतिया, टोहाना, भूना और फतेहाबाद के विभिन्न इलाकों में भी बिजली संकट की शिकायतें सामने आईं। दरियापुर में दो दिन से बिजली नहीं आने पर ग्रामीणों ने रोष जताया और पावरहाउस को स्थायी रूप से बंद करने का फैसला लेने की बात कही। ग्रामीणों ने बिजली मंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी की।

निजीकरण के विरोध में कर्मचारी डटे, विपक्ष ने दिया समर्थन

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल हरियाणा बिजली नियामक आयोग के गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के फैसले के विरोध में की जा रही है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि सार्वजनिक बिजली वितरण व्यवस्था का निजीकरण उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हित में नहीं है। हड़ताल के दूसरे दिन फतेहाबाद के बिजली घर में कर्मचारियों ने धरना जारी रखा। कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला और इनेलो जिलाध्यक्ष बीकर सिंह हड़ौली ने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।



भूना। चंदन नगर का एक परिवार रेहड़ी पर ड्रम में पानी लेकर आते हुए।

भूना में 58 घंटे से बिजली गुल घरों व दुकानों तक छाया अंधेरा

- पानी के लिए भी तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर भूना में पिछले 58 घंटे से बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है। लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण शहरवासियों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। घरों से लेकर दुकानों तक अंधेरा छाया हुआ है।

बिजली से चलने वाले उपकरणों पर निर्भर दुकानदारों का कामकाज ठप होने से वे खाली हाथ बैठने को मजबूर हैं। वहीं, बिजली के अभाव में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो गई है, जिससे लोगों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। बिजली संकट से परेशान शहरवासियों का गुस्सा अब सडक़ों पर दिखाई देने लगा है। बिजली से चलने वाली मशीनों और उपकरणों पर निर्भर दुकानों का कामकाज प्रभावित होने से दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो रहा है।

लगाया जाम

समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज लोगों ने वीरवार रात 12 बजे सिरसा-चंडीगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया। इसके बाद शुक्रवार सुबह भी लोगों ने अग्रसेन चौक पर प्रदर्शन कर बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई। लोगों का कहना है कि लंबे समय से बिजली नहीं आने के कारण रोजमर्रा के जरूरी काम भी प्रभावित हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति ठप होने का सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। घरों में पानी की जरूरत पूरी करने के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग बैलगाड़ियों और मोटरसाइकिलों पर पानी लाकर गुजारा करने को मजबूर हैं। बिजली नहीं होने से घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, वहीं दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहरवासियों का कहना है कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा लंबे समय तक बाधित रहने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सैलजा ने भाजपा पर साधा निशाना एक नवंबर से प्रदर्शन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। चुनाव आयोग के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते कांग्रेसी। फोटो: हरिभूमि

सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को जिले के कालांवाली में आयोजित 'वोट बचाओ- देश बचाओ' कार्यक्रम के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और विरोध जताया। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में लोकतंत्र और आम नागरिक के वोट के अधिकार की रक्षा करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कथित मनमाने फैसलों के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत है और किसी भी संस्था को इस अधिकार के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की ओर से एक नवंबर को दिल्ली में लोकतंत्र की रक्षा और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल कांग्रेस की आवाज उठाना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा करना है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, महेश झोरड़, सिकंदर बाहिया, ओम प्रकाश लुहानी, राज कुमार शर्मा, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा, राजेश चाड़ीवाल, जग्गा बराड़, इंद्र जैन, खुशवंत गदराना, सतिंदर जीत सोनी, ओम प्रकाश बागड़ी, मंगत नागर, सुनील बुमरा, आत्मा राम, सुभाष जोधपुरिया और जगविंदर खतरावा सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निजी घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए विभागों को बेचना चाहती है सरकार : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- इनेलो ने बिजली कर्मचारियों के आंदोलन दिया पूर्ण समर्थन, बिजली मंत्री विज से मांगा इस्तीफा

प्रदेश की भाजपा सरकार जनहित और कर्मचारियों के हितों को ताक पर रखकर बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने की साजिश रच रही है। गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनी 'इलेवन पावर' को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने का फैसला पूरी तरह से कर्मचारी विरोधी और जनविरोधी है। हम सरकार की इस तानाशाही नीति को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे। इनेलो बिजली कर्मचारियों के इस संघर्ष में पूरी ताकत से उनके साथ खड़ी है। यह बात इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने शुक्रवार को फतेहाबाद के भट्टू रोड स्थित बिजली घर में दूसरे दिन भी जारी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इनेलो नेता व कार्यकर्ता भागीराम सोनी की दुकान पर एकत्रित हुए। वहां से जिलाध्यक्ष बिकर सिंह हड़ौली और सुनैना चैटाला के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रेड लाइट के नजदीक स्थित बिजली घर पहुंचे और धरने पर बैठे कर्मचारियों को अपना पूर्ण समर्थन दिया।



फतेहाबाद। बिजली कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते सुनैना चौटाला।

पूर्व डिप्टी सीएम ने बिजली लाइसेंस निजी हाथों में सौंपने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- कहा, सरकार तुरंद रद्द करे लाइसेंस, आमजन को दे राहत

हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा बिजली नियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम व नूंह में निजी हाथों में बिजली आपूर्ति का लाइसेंस देने के मामले में सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दुष्यंत ने कहा कि बिजली प्राधिकरण की ओर से निजी कंपनी को आगामी 25 साल के लिए गुरुग्राम व नूंह दोनों जिलों में बिजली वितरण के लिए ठेके दिए गए। उन्होंने कहा कि यह मामला उस समय और अधिक संवेदनशील तब हो जाता है जब निजी कंपनी की वित्तीय हालत ऑन रिकॉर्ड सही नहीं बताई जा रही। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि गुरुग्राम नूंह जिले से दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम के राजस्व रिकॉर्ड में लगभग 50 फीसदी राजस्व उपरोक्त जिलों से आता है। सर्वाधिक लाभ कमाने वाले इन जिलों में ही यह फिर यह ठेका क्यों दिया गया? उन्होंने कहा कि यह निजी कंपनी बिजली वितरण के लिए निगम का ही इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेगी। चौटाला ने कहा कि निजी कंपनी को यह कार्य सौंपने का अर्थ है कि हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार बंद होना। इस निर्णय से बिजली निगम में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगे।



पत्रकारों से बातचीत करते दुष्यंत चौटाला।

चिम्मों पंचायती प्लाट विवाद में प्रशासन सख्त कब्जा हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

गांव चिम्मों के पंचायती प्लाट से अवैध कब्जा हटाने के मामले में उपमंडल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर बीडीपीओ रतिया की रिपोर्ट के बाद एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह ने प्लाट को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर पुलिस बल तैनात करने के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चिम्मों ने 22 अक्टूबर को सरपंच प्यारा सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर दो प्रस्ताव पारित किए। प्रस्ताव में बताया गया कि 5 मई को हुई बोली में बीसी आरक्षित प्लाट नंबर 04 को 1.67 लाख में सुलखन सिंह को दिया गया था, लेकिन विवाद के बाद 8 जून को पंचायत ने पट्टा रद्द कर 488 नंबर चेक से राशि लौटाने की कोशिश की। दो नोटिस 24 जुलाई व 30 जुलाई के बाद भी पट्टेदार ने राशि नहीं ली। मामला अब सिविल कोर्ट में है, अगली तारीख 16 नवंबर है।

पंचायत का यह है आरोप

पंचायत का आरोप है कि रद्द पट्टे के बावजूद उक्त व्यक्ति ने प्लाट पर जीरी की बिजाई कर दी है, जो अब पक चुकी है। झगड़े की आशंका को देखते हुए पंचायत ने फसल कटवाकर कब्जा मुक्त कराने का निर्णय लिया है। इसी पर बीडीपीओ रतिया ने एसडीएम से ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की मांग की थी। एसडीएम ने अब राहुल चौहान, डीएओ, कृषि अधिकारी बलियाला को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। थाना सदर रतिया को महिला पुलिस सहित पर्याप्त बल तैनात करने को कहा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कार्रवाई से पहले कोर्ट के किसी स्टे आदेश की जांच जरूर कर ली जाए। समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि गांव चिम्मो के पंचायती भूमि से कब्जा हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया और जल्दी ही कब्जा हटाकर पंचायती भूमि पर बिजाई की गई धान की फसल को कटवाया जाएगा और उसे पंचायत के सुपुर्द किया जाएगा।

स्कूल-कॉलेजों में ड्रग फ्री कैंपस सुनिश्चित करने के निर्देश, नशे के हॉटस्पॉट चिह्नित कर पुलिस गश्त बढ़ाने पर जोर

स्कूल में बच्चों द्वारा सुझाव पेटी में दी जाने वाली सूचना को गोपनीयता के साथ साझा करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

जिला को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं विकास एवं पंचायत विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। गांवों और शहरों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज करने के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां निगरानी और पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों और कॉलेजों को ड्रग फ्री कैंपस बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए और जागरूकता गतिविधियों की नियमित समीक्षा हो। स्कूल में बच्चों द्वारा सुझाव पेटी में दी जाने वाली सूचना को पुलिस के साथ गोपनीयता के साथ साझा करे ताकि नशा बेचने वालों पर कार्रवाई की जाए।

नशे के खिलाफ बढ़ाई जाए निगरानी

डीसी डॉ. विवेक भारती ने विकास एवं पंचायत विभाग को गांवों में नशे से जुड़े संभावित हॉटस्पॉट की पहचान कर उनकी सूची पुलिस विभाग को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, ताकि ऐसे स्थानों पर नियमित निगरानी और गश्त बढ़ाई जा सके। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन को मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच करने तथा प्रतिबंधित दवाइयों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की वैध पर्ची के बिना ऐसी दवाइयां नहीं बेची जानी चाहिए, जिनकी बिक्री के लिए पर्ची अनिवार्य है। बैठक में एसपी निकिता खट्टर, डीएमसी प्रवीण कुमार, डीईओ संगीता बिश्नोई, सीएमओ डा. बुधराम, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला, डीआईओ डॉ. सिकंदर आदि अफसर मौजूद रहे।



फौजी का नया पोस्टर जारी
1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा
किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।



फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यहीं है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सिला का पोस्टर रिलीज
कल्पना से भी परे होगी कहानी

मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।



फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। 'सिला' फिल्म में हर्षवर्धन को विराट नाम के किरदार में देखा जाएगा। वहीं, सादिया खतीब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन
वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह टीम आज के युवाओं की जिंदगी, उनके रिश्तों और बदलती सोच से जुड़ी कहानियों की तलाश कर रही है।



द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने मचाया था धमाल

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर सितंबर 2025 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था. इस सीरीज के जरिए आर्यन खान ने बतौर क्रिएटर और डायरेक्टर अपना डेब्यू किया था। गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था. इसमें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर व्यंग्य के जरिए एक ऐसे युवा कलाकार की कहानी दिखाई गई, जो बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश करता है। इस दौरान उसे इंडस्ट्री की राजनीति, आपसी टकराव और रिश्तों से जूझना पड़ता है। सीरीज में बॉलीवुड के अंदर की दुनिया को ह्यूमर, ड्रामा और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया था। इससे दर्शकों को आर्यन खान के कहानी कहने के अंदाज की झलक मिली थी।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन

सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। *50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।*

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमतज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

खबर संक्षेप

वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 25 को

फतेहाबाद। वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान श्रीमती ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 25 अक्टूबर रविवार को सांय 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान ईश्वर देवी सेठी व महासचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक में परिषद के 31 दिसंबर को तीन वर्ष पूरे होने पर चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

फतेहाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 27 को

फतेहाबाद। जिला प्रशासन की ओर से फतेहाबाद उपमंडल के गांव गिल्लांखेड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 27 अक्टूबर मंगलवार को सायं 5 बजे से रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रात्रि प्रवास के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती और एसपी निकिता खट्टर ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करवायेंगे। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से संवाद द्वारा अवगत हुई समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जाएगा।

करवा चौथ पर हाथों में रचेगी निःशुल्क मेहंदी

फतेहाबाद। विश्व हिन्दू परिषद, सेवा भारती, समृद्धि अग्रवाल महिला संगठन एवं केशव-माधव सेवा ट्रस्ट फतेहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में करवा चौथ के पावन पर्व के उपलक्ष्य में महिलाओं व बहनों के लिए मेहंदी लगाने हेतु विशेष स्टॉलों का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के सेक्रेटरी नरेश बंसल ने बताया कि मेहंदी कला में प्रशिक्षित बहनों द्वारा 27 व 28 अक्टूबर मंगलवार व बुधवार को शिव मंदिर, शिव नगर में सुबह 10 बजे से सायं 7 बजे तक तथा 28 अक्टूबर बुधवार को सुबह 10 बजे से सायं 7 बजे तक सेवा भारती हंस कॉलोनी स्कूल एवं गौरीशंकर मंदिर, चार मरला कॉलोनी में मेहंदी के स्टॉल लगाए जाएंगे।

धिंगतानिया में हुआ श्री बालाजी का कीर्तन

सिरसा। गांव धिंगतानिया स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में श्री बालाजी महाराज के भव्य कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। जागरण का शुभारंभ हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर नायक समाज तथा श्री बालाजी मंदिर प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया।

नेशनल कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का आगाज

सिरसा। राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के खेल मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सिंह ने की। उद्घाटन सत्र में जनता गर्ल्ज पीजी कॉलेज, ऐलनाबाद के पूर्व प्राचार्य डॉ. अविनाश कंबोज मुख्यातिथि थे जबकि राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली तथा खेल भावना की प्रतीक मशाल को प्रज्वलित कर खिलाडियों से पूरे अनुशासन और समर्पण के साथ खेल में भाग लेने का आह्वान किया।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान एकजुट, रोष प्रदर्शन किया

वोट चोरी और एसआईआर के विरोध में उतरा किसान संगठन, फूंके पुतले

केंद्र सरकार और चुनाव आयोग का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भट्टू कलां की ओर से रोष प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान नेता सुभाष चंद्र भादू ने की, जबकि मंच संचालन सतबीर सिंह आजाद ने किया। प्रदर्शन के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त, बृजलाल कड़वासरा, मास्टर हनुमान सिंह और रोहतास डुडी ने भाग लिया। जिला प्रधान विष्णु दत्त ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर किया जा रहा है और जनता के मताधिकार पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें, वोट चोरी के मामलों में तुरंत आपराधिक मुकदमे दर्ज किए जाएं तथा एसआईआर को पूरी तरह रद्द करके काटे गए सभी वोटों को तुरंत बहाल किया जाए।



भट्टूकलां। केंद्र सरकार व चुनाव आयोग का पुतला फुंकते किसान संगठन।

किसान नेताओं ने दी चेतावनी

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों व आमजन के अधिकारों पर इस तरह हमले जारी रहे, तो आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान किसान सभा ने स्थानीय अनाज मंडी में धान खरीद के दौरान हो रहे कथित घोटालों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच करवाने की पुरजोर मांग उठाई। इसके साथ ही किसानों ने बिजली बोर्ड को निजी कंपनियों के हवाले करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया और चल रही बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। इस रोष प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में मनीष सिवाच, अजय सिंह माचरा, किशोरी लाल, राकेश कुमार, रणजीत सिंह शर्मा, मास्टर राम सिंह, सतबीर सिंह आजाद, वजीर सिंह और भगवान सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विभिन्न संगठनों ने संविधान बचाओ मुहिम के तहत किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सिरसा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को पूरे देश में संविधान बचाओ मुहिम के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र उपायुक्त को सौंपे गए। इसी कड़ी में सिरसा जिला संयुक्त किसान मोर्चा के सभी घटक किसान संगठन शुक्रवार को सिरसा के लघु सचिवालय में पहुंचे और प्रदर्शन करके प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र प्रेषित किया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा-1936, राष्ट्रीय किसान मंच, भारतीय किसान यूनियन टिकैत, बीकेयू एकता अग्राह्य, अखिल भारतीय किसान सभा, हरियाणा किसान मंच ने भाग लिया। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को तुरंत रद्द किया जाए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाया जाए और उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाए, बिना पारदर्शिता के हटाए गए 13.41 करोड़ नागरिकों के मतदान के अधिकार को बहाल किया जाए, 2023 के अधिनियम में संशोधन किया जाए और प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत कैबिनेट मंत्री के स्थान पर चयन पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए। आनुपातिक प्रतिनिधित्व लागू किया जाए, धनबल/बाहुबल पर अंकुश लगाया जाए और चुनावों के लिए राज्य वित्तपोषण को वैध बनाया जाए।





फतेहाबाद। गोरखपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते किसान नेता मनदीप नथवान।

कृष्ण स्वरूप की पुण्यतिथि पर जुटे किसान, दी श्रद्धांजलि

- गोरखपुर में किसान चर्चा में किसान-मजदूरों के मुद्दों पर मंथन, 1977 में दलित-वाल्मीकि परिवारों के सामाजिक बहिष्कार के खिलाफ उठाई थी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

किसान नेता और समाज सुधारक कृष्ण स्वरूप गोरखपुरिया की सातवीं पुण्यतिथि पर गोरखपुर गांव में किसान चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा सहित विभिन्न क्षेत्रों से किसान नेताओं, मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने उनके सामाजिक संघर्ष को याद करते हुए किसानों-मजदूरों के अधिकारों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक कुरीतियों से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे। मुख्य वक्ता किसान नेता सुखदर्शन नट्ट ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों और मजदूरों की समस्याओं को लेकर एकजुट संघर्ष की जरूरत है। कृष्ण स्वरूप गोरखपुरिया जैसे समाज सुधारकों के विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके संघर्ष को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गांव के सरपंच मंदीप योगी ने कहा कि गोरखपुरिया ने समानता, भाईचारे और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर सामाजिक विकास में योगदान देना चाहिए। जिला परिषद सदस्य डॉ. जसमेर सिवाच ने कहा कि जातीय भेदभाव, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ गोरखपुरिया का संघर्ष आज भी प्रासंगिक है।

ये रहे मौजूद

एडवोकेट विक्रम मित्तल ने कहा कि गोरखपुरिया के परिवार और गांव के लोग उनके विचारों पर चलते हुए कन्या भ्रूण हत्या, ऑनर किलिंग और अंधविश्वास के खिलाफ अभियान जारी रखेंगे। बलबीर ने उनके जीवन संघर्ष का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर राममेहर सिवाच, पगड़ी संभाल जट्टा के उपप्रधान, और राजेश चौबारा ने किया। आयोजन में पगड़ी संभाल जट्टा के जिला प्रधान ओम प्रकाश, इकाई प्रधान जयवीर सिवाच, ममता सिवाच, समता सिवाच, सत्यवान नंबरदार, मास्टर ओम प्रकाश कुलैरी, प्रो. ओम प्रकाश विश्नोई, प्रदेश सचिव संदीप सिवाच, जिला सचिव महेंद्र मोची, सुदेश सिवाच, सुनीता सिवाच, बलवान नहला, आत्माराम बिश्नोई, सतबीर शर्मा, अंकुश सिवाच, जय शर्मा और प्रदीप सिवाच सहित किसान नेता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांझा मोर्चा ने महाप्रबंधक को सौंपा हड़ताल का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर सांझा मोर्चा की एक मीटिंग शुक्रवार को रोडवेज परिसर में हुई जिसमें कर्मचारी नेता सतबीर सिंह कड़वासरा, रिछपाल सिंह सिद्धू, रिटायर्ड कर्मचारी मदनलाल खोथ, आत्माराम सहारण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मंच संचालन सिरसा रोडवेज डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने किया। महासचिव चमन लाल स्वामी ने बताया कि मीटिंग में 17 सितंबर 2026 को दिए मांगपत्र भी अभी तक विचार न किए जाने पर रोष प्रकट किया गया। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को परिवहन मंत्री के साथ मीटिंग हुई और मंत्री ने सभी मांगों को माना, लेकिन धरातल पर लागू नहीं किया गया जिसके चलते 4 नवंबर तक का अल्टीमेटम परिवहन मंत्री को दिया गया है, अन्यथा 5 और 6 नवंबर को हरियाणा रोडवेज का कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होगा। जिले में हर गांव में तीन से चार स्टेंड ग्रामीणों ने अपनी मर्जी से बनाए हुए हैं, नोडल अधिकारी सिरसा द्वारा गांव सरपंच से बात करके एक स्टेंड निर्धारित किया जाए। ईटीएम मशीन में दिए गए स्टेंड को पंच मानते हुए एक मिनट हर स्टेंड का समय रनिंग समय में जोड़ा जाए। हर गांव में एक से ज्यादा स्टेंड को मशीन में दर्शाएं। भट्टू-सूरतगढ़ की तर्ज पर आदमपुर-हनुमानगढ़ रोटेशन को पास करके चलाई जाए।



सिरसा। जीएम रोडवेज को ज्ञापन सौंपते हुए रोडवेज कर्मचारी।

सीडीएलयू में गूंजेगी कला, संस्कृति की स्वर लहरियां, कल से महोत्सव का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कहीं हरियाणवी लोक नृत्य की थाप, कहीं पंजाबी गीतों की गूंज, तो कहीं नाटक, गजल, कव्वाली और ललित कलाओं के रंग, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा का परिसर 25 अक्टूबर से युवा प्रतिभाओं और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर होगा। 'युवा उमंग, संस्कृति के संग' थीम के तहत आयोजित होने वाले 13वें त्रिवेणी युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों और विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों के लगभग दो हजार से अधिक विद्यार्थी 34 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चार दिवसीय यह महोत्सव 28 अक्टूबर तक चलेगा और विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत तथा कलात्मक कौशल प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तेजी से बदलते दौर में युवाओं के लिए केवल शैक्षणिक डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी अभिव्यक्ति को व्यापक मंच देने का अवसर प्रदान करता है। कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने कहा कि आज जब डिजिटल माध्यमों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव से जीवन तथा कार्यक्षेत्र तेजी से बदल रहे हैं, तब अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहना और नई सोच को अपनाना दोनों जरूरी हैं। प्रो. विजय कुमार ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और जिला प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा, यातायात तथा अतिथि सत्कार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

34 विधाओं में प्रतिभा का होगा प्रदर्शन

युवा कल्याण निदेशक प्रो. मंजू नेहरा ने बताया कि महोत्सव में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के निर्धारित मानदंडों के अनुसार संगीत, नृत्य, नाट्य कला, साहित्यिक गतिविधियों और ललित कला सहित कुल 34 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ अनुभव साझा करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी युवा महोत्सव युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें भारतीय कला, साहित्य एवं संस्कृति से जोडने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए पहचान-पत्र (आई-कार्ड) दिखाना अनिवार्य होगा। सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

विधायक जरनैल सिंह ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण, किसानों-मजदूरों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

विधायक जरनैल सिंह ने शुक्रवार को रतिया अनाज मंडी का निरीक्षण कर धान खरीद और उठान व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों और मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने और धान उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक जरनैल सिंह ने बताया कि मंडी में करीब 70 प्रतिशत धान का उठान हो चुका है, जबकि शेष धान का उठान भी जल्द पूरा करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उठान प्रक्रिया में तेजी आने से मंडी में फसल का दबाव कम होगा और किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को उनकी उपज बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।



रतिया। मंडी में धान खरीद और उठान व्यवस्था का जायजा लेते विधायक जरनैल सिंह।

कुख्यात नशा तस्कर डिटेन, सेंट्रल जेल हिसार में रहेगा नजरबंद

फतेहाबाद। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस ने जिले में नशे के अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए एक और कड़ी कार्रवाई की है।

हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेशों के बाद आरोपी को जेल में नजरबंद रखने की कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बीघड़ रोड, काठ मंडी, फतेहाबाद निवासी आरोपी राजीव कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य संगीन अपराधों के कुल 9 मामले दर्ज हैं।



राखीगढ़ी महोत्सव किया शैक्षणिक भ्रमण

फतेहाबाद। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा-खेड़ी के कक्षा छठी व सातवीं के 153 विद्यार्थियों ने राखीगढ़ी महोत्सव व ऐतिहासिक अग्रोहा धाम का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करने तथा उन्हें प्रेरित करने के पश्चात बसों को झंडी दिखाकर रवाना करके किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राखीगढ़ी महोत्सव में पुरातात्विक उत्खनन स्थलों का अवलोकन किया तथा प्राचीन नगरों की सुव्यवस्थित संरचना, पक्की ईंटों के उपयोग, जल निकासी व्यवस्था और तत्कालीन जीवनशैली से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यार्थियों को उस समय के लोगों की कलात्मक अभिरुचि, शिल्प कौशल, व्यापारिक गतिविधियों और दैनिक जीवन को समझने का अवसर मिला।

धान खरीद 2 लाख मीट्रिक टन के पार

फतेहाबाद। जिला में खरीफ खरीद सीजन 2026-27 के तहत धान खरीद, उठान और किसानों को भुगतान की प्रक्रिया जारी है। 22 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 2,00,004 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं, किसानों को उनकी फसल के एवज में 238.54 करोड़ रुपये का भुगतान नियमानुसार किया जा चुका है। खरीदे गए धान में से 1,05,906 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है, जो कुल खरीद का लगभग 53 प्रतिशत है। अब तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 69,025 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 76,758 मीट्रिक टन खरीद की गई है।



फतेहाबाद जिले की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार लाना लक्ष्य : प्रमोद कौशिक

फतेहाबाद। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) हरियाणा की राज्य स्तरीय टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन प्रमोद कौशिक ने शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में नगर निकायों के अधिकारियों के साथ स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में शहरों की सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, घर-घर से कचरा इक_ाi करने और उसके उचित निस्तारण से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में वाइस चेयरमैन प्रमोद कौशिक ने निर्देश दिए कि जिला की नगर निकायों के प्रवेश द्वार पर सौंदर्यीकरण के साथ-साथ हरियाली पर विशेष फोकस रखें। प्लास्टिक बैन के लिए स्थानीय मार्केट एसोसिएशन एवं व्यापारियों का सहयोग लें। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के उद्देश्यों के अनुरूप शहरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों और सफाई एजेंसियां अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने जागरूकता कार्यक्रम चलाया

विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन स्कूल में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फतेहाबाद शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रवीण जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता, नैतिक मूल्यों और भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को जीवन में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वागत गीत, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल और डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने इंश्योरेंस कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों को मजबूत करते हैं।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते यूनाइटेड

आपसी समन्वय से करें कार्य: उपायुक्त

सिरसा। उपायुक्त शांतनु शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में एनकॉर्ड समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले में नशे पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और नशे के दुष्प्रभावों पर आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा से जुड़े मामलों में प्रभावी

खबर संक्षेप

परमजीत बनीं सहायक जिला न्यायवादी

सिरसा। जिले के गांव सिकंदरपुर की किसान परिवार से संबंध रखने वाली बेटी परमजीत कौर का हरियाणा में असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी (एडीए) के पद पर चयन हुआ है। एक किसान परिवार की बेटी का इस प्रतिष्ठित पद पर चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। परमजीत कौर की सफलता ने साबित किया है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। परमजीत कौर के पिता निर्मल सिंह तथा माता जसबीर कौर हैं। उनके भाई वीरेंद्र सिंह हैं।

श्री संकट मोचन मारुति मंदिर में 26 को अखंड पाठ

सिरसा। श्री संकट मोचन मारुति मंदिर (वानरों वाला) में आसोज सुदी के पावन अवसर पर 25 अक्टूबर को रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भजन कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। वहीं, 26 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। मंदिर के संचालक पंडित पवन शर्मा ने बताया कि रात्रि जागरण में सिरसा के भजन कलाकार मुकेश आहूजा, पवन नागपाल और साहिल बजाज अपनी मधुर वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे।

मंडल आयुक्त गीता भारती ने किया निरीक्षण

सिरसा। हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने शुक्रवार को सिरसा लघु सचिवालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यहां चल रहे विभागीय कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त गीता भारती ने अधिकारियों को सभी रिकॉर्ड नियमानुसार एवं समय पर अपडेट करने और अभिलेखों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

अब तक 90859 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गत दिवस तक कुल 90,859 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 29,127 मीट्रिक टन, हैफेड ने 45,932 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 15,800 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 50,085 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है।

बाबा सरूप चंद गर्ग की बरसी पर सजा दीवान

ओढां। श्री पीरखाना ओढ़ा में बाबा सरूप चंद गर्ग की बरसी पर वार्षिक दीवान बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाबा सरूप चंद के स्वरुप को स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाएं गए। इसके बाद पीरखाना के गद्दीनशीन बाबा सोहन लाल गर्ग व बाबा सतीश गर्ग ने बाबा लखदाता पीर व मीरा साहिब के चिराग ऐ रोशन किए व धूप डालकर पीरबाबा को भोग लगाकर लंगर शुरू करवाया। इस मौके पर बाबा सोहन लाल गर्ग ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

भूना पुलिस ने मलेरकोटला से दबोचा, पूछताछ में जुटे अधिकारी

सेना में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय सेना में नौकरी लगवाने का झांसा देकर हजारों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में थाना भूना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजम-ए-सिकंदर पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी मोहल्ला घुमारवाला, जमालपुरा, मलेरकोटला के रूप में हुई है। थाना भूना के प्रभारी उप-निरीक्षक कंवर सिंह ने बताया कि गांव बैजलपुर निवासी पवन कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, जनवरी 2026 में अंबाला रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात सिकंदर नामक व्यक्ति से हुई थी। आरोपी ने भारतीय सेना में बड़े अधिकारियों से अपनी जान-पहचान होने का दावा किया और उसके छोटे भाई को सेना में भर्ती करवाने का भरोसा दिलाया।

आरोपी ने भर्ती कराने के एवज में कुल 5 लाख रुपये की मांग की और प्रक्रिया आगे बढ़ाने तथा अधिकारियों से मिलवाने के नाम पर एडवांस पैसे मांगने शुरू कर दिए। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने 19 फरवरी से चार मार्च के बीच अलग-अलग फत कोड भेजकर शिकायतकर्ता से कुल 59,460 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। पैसे ऐंठने के बाद जब शिकायतकर्ता के भाई का चयन सूची में नाम नहीं आया, तो आरोपी टालमटोल करने लगा और अगली सूची में नाम आने का झूठा आश्वासन देता रहा। कुछ समय बाद आरोपी ने फोन काल और संदेशों का जवाब देना पूरी तरह बंद कर दिया और संपर्क तोड़ लिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। इस संबंध में थाना भूना में मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी। पुलिस ने तकनीकी जांच और सुराग जुटाते हुए पंजाब के मलेरकोटला से आरोपी अजम-ए-सिकंदर को काबू कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने क्षेत्र में और कितने युवाओं को नौकरी का झांसा देकर अपनी ठगी का शिकार बनाया है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी।



फतेहाबाद। फर्जीवाडे के आरोप में गिरफ्तार युवक।

फर्जीवाड़ा करने का आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। जन्मतिथि में हेरफेर कर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने और रिकार्ड में गड़बड़ी करने के मामले में थाना भूना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र रामकिशन निवासी ढाणी सांचला रोड, भूना के रूप में हुई है। थाना भूना के प्रभारी उप-निरीक्षक कंवर सिंह ने बताया कि बरवाला निवासी विजय कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि सचिन की वास्तविक जन्मतिथि एक जुलाई 2010 होने के बावजूद, खेल प्रतियोगिताओं में आयु संबंधी लाभ उठाने के उद्देश्य से स्कूल रिकार्ड और अन्य दस्तावेजों में जन्मतिथि को बदलकर एक जुलाई 2014 दर्ज करवा दिया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गहराई से जांच शुरू की। जांच के दौरान संबंधित स्कूल रिकार्ड व अन्य दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई तथा शिकायतकर्ता व संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस जांच में आरोपी कुलदीप सिंह की संलिप्तता और साक्ष्य सामने आने के बाद जिला न्यायवादी कार्यालय से कानूनी राय प्राप्त की गई। इस संबंध में थाना भूना में पहले ही आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

बाल भवन में नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा



सिरसा। स्केचिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

■ बाल भवन परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थानीय बाल भवन परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन थाली कलर डेकोरेशन, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, कोलाज निर्माण, ग्रुप सॉन्ग तथा हरियाणवी रागनी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रतियोगिताओं में सिरसा जिले के विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों के लगभग 220 बच्चों ने भाग लिया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि बाल भवन का यह मंच बच्चों को आत्मविश्वास और सार्थक सीख के साथ आगे बढऩे का अवसर प्रदान करता है। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि हर जीत के साथ आगे बढऩे की प्रेरणा मिलती है और इस मंच तक पहुंचने वाला प्रत्येक बच्चा अपने आप में विजेता है। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

ग्रुप डांस में संत एमएसजी ग्लोरियस स्कूल की टीम प्रथम

उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामों में ग्रुप डांस ग्रुप-1 में संत एमएसजी ग्लोरियस इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान, जबकि ग्रुप डांस ग्रुप-4 में दा जिनियस स्कूल रानियां की टीम विजेता रही। सोलो डांस ग्रुप-2 में प्रथम केयरिंग सेंट जॉर्ज स्कूल ने प्रथम तथा गुरुनानक पब्लिक स्कूल की ललिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस ग्रुप-3 में सतलुज पब्लिक स्कूल के वरुण ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, रंगोली ग्रुप-4 में दा जिनियस स्कूल, रानियां की प्रियम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि 24 अक्टूबर को होने वाली सभी प्रतियोगिताएं अब 28 अक्टूबर 2026 को आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में किमिका कपूर, मनीषा, नवनीत, कुलबीर और वर्षा रानी शामिल रहे। मंच संचालन सतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर पूनम नागपाल, अमन रेखा, राजीव सहित बाल भवन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सूर्य-नमस्कार का अभ्यास करवाया

डाइट में शिविर के तीसरे दिन शिक्षकों ने सीखे योग के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा योग आयोग,शिक्षा विभाग और पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मताना में पीटीआई, डीपीई और पीजीटी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए 30 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन प्रशिक्षुओं को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का गहन अभ्यास करवाया गया। शिविर के तीसरे दिन मुख्य योग प्रशिक्षक मदन गोपाल आर्य, सुरेन्द्र कुमार तथा चंद्रप्रकाश आर्य ने उपस्थित शिक्षकों को आसन, प्राणायाम, षट्कर्म,बंध,सूक्ष्म क्रियाओं तथा सूर्य-नमस्कार का विधिवत अभ्यास करवाया और इनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अजय कुमार, उपजिला शिक्षा अधिकारी तथा सुरेन्द्र कुमार खंड शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद ने विशेष रूप से शिरकत की।



फतेहाबाद। डाइट मताना में आयोजित शिविर में योग करते शिक्षक।

हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस

फतेहाबाद। थाना सदर रतिया पुलिस ने नागपुर से गांव मढ़ जाने वाली सडक पर नहर पुल के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को 6.65 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुलदीप पुत्र चेतदीन निवासी गांव नागपुर के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया के प्रभारी उप-निरीक्षक शिशपाल सिंह ने बताया कि नागपुर पुलिस चौकी के सहायक उपनिरीक्षक राममेहर अपनी टीम के साथ गांव मढ़ के बस अड्डे के नजदीक गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस को पुख्ता गुप्त सूचना मिली कि गांव नागपुर निवासी कुलदीप नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त है और इस समय नागपुर-मढ़ रोड पर नहर पुल के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया।

ऑटो मार्केट में रक्तदान के लिए दिखा उत्साह, प्रधान ने की अनूठी मिसाल पेश

■ एडीसी अनुराग ढालिया ने शिविर का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑटो मार्केट एसोसिएशन फतेहाबाद के तत्वावधान में शुक्रवार को भूना रोड स्थित ऑटो मार्केट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को लेकर मार्केट के दुकानदारों और युवाओं में काफी उत्साह नजर आया, जिन्होंने बढ़-चढक़र अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। ऑटो मार्केट के प्रधान हरपाल ढाका की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में जिला रेडक्रास सोसायटी फतेहाबाद की टीम ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि एसोसिएशन के प्रधान हरपाल ढाका ने अपने पुत्र साहिल ढाका के साथ स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीसी अनुराग ढालिया ने शिविर का जायजा लिया।



फतेहाबाद। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करते अतिथिगण।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते प्रमोद कौशिक।

स्वच्छता से कोई समझौता नहीं: कौशिक

सिरसा। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की राज्य स्तरीय टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष प्रमोद कौशिक ने कहा कि शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी संसाधनों और बेहतर कचरा प्रबंधन का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाना चाहिए। प्रमोद कौशिक शुक्रवार को सिरसा में सफाई व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले 20 दिन में रोडमैप तैयार कर पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई की जाए। इसके बाद इसकी वीडियोग्राफी करवाई जाएगी, यदि कहीं पर भी साफ-सफाई में लापरवाही पाई जाएगी, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कौशिक ने कहा कि स्वच्छता को लेकर जो अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चलाया था, उसको आगे बढ़ाने के लिए इस दिशा में निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है, इसलिए स्वच्छता के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

कर्मचारियों की मांगें मानकर बिजली बहाल करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्यभर में बिजली कर्मचारियों के आंदोलन और गहराते बिजली संकट के बीच युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने बिजली कर्मचारियों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का फैसला तुरंत वापस लिया जाए, कर्मचारियों की जायज मांगें मानी जाएं और आम जनता को इस संकट से राहत दिलाई जाए। मुकेश प्रजापति ने सरकार के रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि तानाशाही रवैया छोडक़र सरकार को संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। जनता ने बहुत उम्मीद और विश्वास के साथ सरकार को चुना है, कोई गुनाह नहीं किया। ऐसे में जनता को अंधेरे में रखना और बिजली संकट झेलने देना किसी भी तरह से उचित नहीं है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बीती रात पूरे हरियाणा में ब्लैकआउट जैसी स्थिति देखने को मिली, जिसके कारण खेतों-खलिहानों और पशुओं के लिए पानी तक का संकट खड़ा हो गया। सरकार से इस तरह की बदइंतजामी की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।



मुकेश प्रजापति

नशीले पदार्थ के साथ महिला गिरफ्तार

फतेहाबाद। रतिया पुलिस ने खाटू श्याम मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को 7 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों दबोच लिया है। पकड़ी गई महिला की पहचान अमनजीत कौर पत्नी जगमोहन निवासी कंवलगढ़ के रूप में हुई है वह अब खाटू श्याम मंदिर के पास, रतिया के पास किराये पर रहती है। थाना शहर रतिया के प्रभारी उप-निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि उप-निरीक्षक शकुंतला देवी अपनी पुलिस टीम के साथ खाटू श्याम मंदिर के नजदीक गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए तैनात थीं। इसी दौरान अरोड़ा कालोनी की तरफ से एक महिला पैदल आ रही थी, जो अचानक पुलिस की गाड़ी को सामने देखकर घबरा गई महिला की संदिग्ध गतिविधियों को भांपते पुलिस ने उसे पकड़ कर तलाशी ली तो उससे नशीला पदार्थ मिला।

सरकार की नीतियों से प्रदेश की बिजली व्यवस्था हुई कमजोर

■ कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा ने सरकार पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

प्रदेश में गहराते बिजली संकट को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि आज हरियाणा के शहरों से लेकर गांवों तक बिजली कटौती और आपूर्ति बाधित होने से आम जनता परेशान है। गुरुग्राम, सिरसा, हिसार, जींद, रोहतक, पानीपत, फरीदाबाद, करनाल और अंबाला सहित कई जिलों में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक सरकारी संपत्तियों और सेवाओं को निजी हाथों में सौंपने के बाद अब सरकार की नजर बिजली निगम पर भी है। गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस देने की प्रक्रिया को उन्होंने सरकारी बिजली निगम को कमजोर करने की दिशा में उठाया गया कदम बताया। शर्मा ने कहा कि बिजली क्षेत्र में निजीकरण का सबसे अधिक असर किसानों, गरीब परिवारों, छोटे दुकानदारों और आम घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल ने भी प्रदेश की व्यवस्था को प्रभावित किया है।

रतिया पुलिस की बड़ी कामयाबी, शहर में अवैध हथियार सप्लाई करने के आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। थाना शहर रतिया पुलिस ने एक मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए अवैध हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेंद्र सिंह उर्फ कालू उर्फ डोडा पुत्र कश्मीर सिंह निवासी रामनगर कालोनी, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी का अदालत में पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस पहले एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर रतिया के प्रभारी उप-निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि 24 सितंबर को पुलिस टीम भूना रोड से मुंशीवाली नहर पुल होते हुए रामनगर कालोनी की तरफ गश्त पर थी। इस दौरान नहर पुल के पास खड़ा एक युवक पुलिस की गाड़ी को अपनी ओर आते देखकर हड़बड़ा गया और तेज कदमों से वहां से जाने लगा। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान सुखविंद्र सिंह उर्फ पंकज निवासी रामनगर कालोनी, रतिया के रूप में हुई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

जल्द भुगतान न हुआ तो बंद करना पड़ेगा मिड-डे मील

अध्यापकों की समस्याओं को लेकर शिक्षा अधिकारियों से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

जेबीटी पदोन्नति और बकाया बजट जल्द जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी ने जिले के अध्यापकों के विभिन्न लंबित मामलों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की, जबकि मंच का संचालन जिला सचिव देसराज माचरा द्वारा किया गया।



फतेहाबाद। शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

बैठक के दौरान संघ के नेताओं ने प्रमुखता से मांग उठाई कि जेबीटी अध्यापकों की पदोन्नति जल्द से जल्द मुख्य शिक्षक के पद पर की जानी चाहिए। इस संबंध में संगठन की ओर से अधिकारियों के साथ पहले भी दो-तीन दौर की बातचीत हो चुकी है। इसके अलावा बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा अप्रैल से लंबित मिड-डे-मील की कुकिंग कास्ट का रहा। संघ ने बताया कि इस संबंध में 13 अक्टूबर को भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से बजट जारी करने को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अधिकारियों के साथ चर्चा में यह बात सामने आई कि नई व्यवस्था के तहत ट्रेजरी से ही मिड-डे-मील वर्करों का मानदेय जारी किया जाएगा और कुकिंग कास्ट के लिए वेंडर बनाकर सरकार सीधे उनके खातों में राशि जमा करवाएगी।

शिक्षकों के लंबित मामलों पर चर्चा

बैठक में अध्यापकों के अन्य प्रशासनिक व वित्तीय मामलों को भी उठाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से आश्वासन दिया गया कि मेडिकल बजट जारी करने, एलटीसी और एसीपी से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द हल करवा लिया जाएगा। इस अवसर पर राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद, भूना खंड प्रधान दलबीर नाथ, भट्टूकलां प्रधान सतपाल ढाका, फतेहाबाद खंड सचिव मुरारी लाल और कोषाध्यक्ष राजेश गोठड़ा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बजट न मिलने पर जताई नाराजगी

संघ ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में वेंडर तैयार करना और संभालना व्यावहारिक रूप से बेहद कठिन होगा। संघ ने कड़े शब्दों में कहा कि अप्रैल से लेकर अक्टूबर तक यानी पिछले छह महीनों से कुकिंग कास्ट न भेजना सरकार की घोर लापरवाही है। यदि एक दिन भी मिड-डे-मील न बने तो अध्यापकों पर गाज गिरा दी जाती है, लेकिन छह महीने से बजट रोक रखा गया है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कुकिंग कास्ट जारी नहीं की गई, तो अध्यापकों को मजबूरन मिड-डे-मील बंद करना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।